Under CSR Support by ipca Foundation | missiongyan

# अध्याय - 4 | जलवायु

QUIZ PART-05

**1. शीत ऋतु में भारत में प्रवेश करने वाले चक्रवाती विक्षोभ कहाँ उत्पन्न होते हैं?**

A. बंगाल की खाड़ी में
B. भूमध्यसागर और पश्चिम एशिया के ऊपर
C. अरब सागर में
D. हिमालय के दक्षिण में (B)

*व्याख्या :* शीत ऋतु में भारत में प्रवेश करने वाले चक्रवाती विक्षोभ भूमध्यसागर और पश्चिम एशिया के ऊपर उत्पन्न होते हैं।

**2. पश्चिमी विक्षोभ भारत में किसके साथ प्रवेश करता है?**

A. दक्षिण–पश्चिम मानसून
B. उत्तर–पूर्वी व्यापारिक पवनें
C. पश्चिमी पवनों के साथ
D. स्थानीय हवाओं के साथ (C)

*व्याख्या :* ये विक्षोभ पश्चिमी पवनों के साथ भारत में प्रवेश करते हैं।

**3. शीत ऋतु में उत्तरी भारत में होने वाली वर्षा किस कारण होती है?**

A. मानसून हवाओं से
B. पश्चिमी विक्षोभ से
C. स्थानीय संवहनीय वर्षा से
D. हिमालय से बहने वाली हवाओं से (B)

*व्याख्या :* शीत ऋतु में उत्तरी भारत की वर्षा का प्रमुख कारण पश्चिमी विक्षोभ होता है।

**4. शीत ऋतु में हिमालयी क्षेत्रों में किस प्रकार की वर्षा होती है?**

A. ओलावृष्टि
B. हिमपात
C. आँधी–तूफान
D. केवल बूंदाबांदी (B)

*व्याख्या :* शीत ऋतु में पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात कराता है।

**5. उत्तरी मैदानी क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ किस प्रकार की वर्षा कराता है?**

A. भारी वर्षा
B. मावठ (हल्की वर्षा)
C. मानसूनी वर्षा
D. कोई वर्षा नहीं (B)

*व्याख्या :* पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी मैदानी क्षेत्रों में मावठ (हल्की वर्षा) कराता है।

**6. मावठ किसके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है?**

A. खरीफ की फसल
B. रबी की फसल
C. बागवानी
D. दलहन की फसल (B)

*व्याख्या :* मावठ रबी की फसल (विशेषकर गेहूँ) के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

**7. मावठ किस प्रकार की बूंदों के रुप में होती है?**

A. सुनहरी बूंदें
B. बड़ी बूंदें
C. बर्फ के टुकड़े
D. धूल मिश्रित बूंदें (A)

*व्याख्या :* मावठ को 'सुनहरी बूंदें' कहा जाता है क्योंकि यह रबी की फसल के लिए अमूल्य मानी जाती है।

**8. शीत ऋतु में प्रायद्वीपीय भारत में तापमान में परिवर्तन क्यों कम होता है?**

A. पर्वतीय प्रभाव से
B. समुद्री हवाओं के प्रभाव से
C. मानसून के प्रभाव से
D. हिमालय के प्रभाव से (B)

*व्याख्या :* समुद्री हवाओं के प्रभाव के कारण प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में शीत ऋतु में तापमान में परिवर्तन बहुत कम होता है।

**9. पश्चिमी विक्षोभ भारत के किन–किन क्षेत्रों को प्रभावित करता है?**

A. केवल दक्षिण भारत
B. हिमालयी क्षेत्र और उत्तरी मैदान
C. पश्चिमी घाट
D. अंडमान–निकोबार (B)

*व्याख्या :* पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र में हिमपात और उत्तरी मैदानी क्षेत्रों में मावठ लाता है।

**10. पश्चिमी विक्षोभ का भारतीय कृषि पर मुख्य प्रभाव क्या है?**

A. खरीफ फसल को नुकसान
B. रबी फसल के लिए वरदान
C. दलहनी फसल का नाश
D. धान की फसल को हानि (B)

*व्याख्या :* पश्चिमी विक्षोभ से होने वाली मावठ रबी की फसलों (विशेषकर गेहूँ) के लिए वरदान होती है।